# कवियों ने कविताओं से लोगों को किया मुग्ध

पलवल (संवाद)। हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ बघौला ने साहित्य अकादमी दिल्ली द्वारा आयोजित ऑनलाइन कविता पाठ में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध संस्कृत कवियों ने अपनी कविताओं से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इलाहाबाद से प्रो. जनार्दन प्रसाद पांडेय मणि ने प्रेम एवं सौंदर्य विषय पर गजलों का पाठ किया। वहीं, हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ बघौला के प्राध्यापक डॉ. राधा बल्लभ शर्मा ने गजल के माध्यम से वर्तमान समय की विसंगतियों को बखूबी दर्शाया। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या जैसे ज्वलंत मुद्दों पर भी कविता प्रस्तुत की।